

## पति की हो या आपकी, बड़े काम की होती है रिटायर्ड जींस

पुरानी जींस हमारे देश के शहरों में ये एक बड़ा ही प्रचलित और हर दिल अजीज मुहावरा बन गया है। बिल्कुल ऐसे जैसे गांवों में श्पुराना चावलश एक कहावत है। खास बात ये है कि जैसे पुराना चावल बहुत टेस्टी होता है, वैसे ही पुरानी जींस भी कमाल की खूबसूरती लाती है। अब बात यह आती है कि जींस से खूबसूरत कैसे बना जा सकता है। तो इस बारे में हम आपको यहां बताने जा रहे हैं। आप बस घर में रखी कोई भी पुरानी जींस उठा लें, जिसे लंबे समय से कोई उपयोग नहीं कर रहा हो। या जो टाइट हो गई हो। इस जींस को स्किन पर उपयोग करने से पहले धोना जरूरी है। ताकि हाइजीन बनी रहे। इसलिए पहले इसे धोकर अच्छी तरह सुखा लें।

हम यहां आपको जींस से वैक्स स्ट्रिप्स और लूफा बनाने की विधि बताने जा रहे हैं। हालांकि ये चीजें आपको मार्केट में भी मिल जाती हैं। लेकिन घर में रखे गैर जरूरी सामान का उपयोग कर अगर बचत की जा सकती है तो इसमें बुरा क्या है! दूसरी और जरूरी बात यह है कि मार्केट में मिलने वाली वैक्स स्ट्रिप्स की जगह आप जींस से बनी वैक्स स्ट्रिप्स का उपयोग करेंगी तो घर में वैक्स करने के दौरान चकाचक फिनिशिंग मिलेगी। मार्केट में मिलने वाली वैक्स स्ट्रिप्स से भी ज्यादा अच्छी!

## महिलाओं को वैक्स कराने के बाद होता है ऐसा अहसास

वैक्स कराने के फायदों के बारे में ज्यादातर महिलाएं जानती हैं। कि वैक्सिंग सिर्फ बाल हटाने के लिए नहीं बल्कि डेड स्किन सेल्स हटाने, त्वचा का ग्लो बढ़ाने और त्वचा को सही पोषण देने के लिए भी जरूरी है। लेकिन इस सबके साथ ही खुद को प्यार करने का एक शानदार तरीका भी है बॉडी वैक्सिंग। हालांकि कोरोना के बाद से पार्लर जाकर वैक्स कराने में अभी भी संक्रमण का डर बना हुआ है। लेकिन शरीर से अनचाहे बाल हटाना भी तो जरूरी है। ताकि आप वही शानदार अनुभव कर पाएं, जो पार्लर से निकलते वक्त करती हैं। बॉडी वैक्स के बाद या सिर्फ अंडरआर्म्स, हैंड्स और लेग वैक्स के बाद हर महिला को एक अमेजिंग फीलिंग होती है। यह फीलिंग है, शरीर से बोझ उतर जाने जैसी, खुद में बहुत हल्का और लाइट फील करने जैसी। खुद में एक खूबसूरत अहसास और एक परी जैसा महसूस करने की। कोरोन का संक्रमण अभी भी गया नहीं है। ऐसे में ब्यूटी पार्लर जाकर बॉडी वैक्स लेने में यदि आपको हिचक हो रही है तो शरीर के अनचाहे बाल आप घर बैठे भी हटा सकती हैं। हां,आज के समय में ये दिक्कत बहुत जगह पर हो रही है कि जरूरी ब्यूटी प्रॉडक्ट्स मिल नहीं पा रहे हैं। यदि आपको आपके पसंदीदा ब्रांड का वैक्स नहीं मिल पा रहा है या कोई भी वैक्स नहीं मिल पा रहा है तो आप घरेलू चीजों के जरिए भी अनचाहे बाल हटा सकती हैं। आसान–सी विधि यहां जान लें।

## सही नेल पेंट चुनने का तरीका जानें हर उत्सव में तारीफ लूटेंगे आपके हाथ



नेल पेंट चुनते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और अपने हाथों को अधिक सुंदर बनाने के लिए किस नेल पेंट के कितने कोट लगान चाहिए, यहां जानें। हरियाली तीज के बाद से एक के बाद एक दीपावली तक लगातारर त्योहार होते हैं। ऐसे में हर उत्सव पर अपने हाथों को पर्फेक्ट लुक देने के लिए सही नेल पेंट का चुनाव बेहद जरूरी है। गर्ल्स अपने लिए नेलपेंट चुनते समय सबसे बड़ी भूल ये कर देती हैं कि ये अपनी ड्रेस की मैचिंग का नेल पेंट ढूंढती हैं। जो कि नेल पेंट चुनने का एक गलत तरीका है। क्योंकि नेल पेंट आपके कपड़ों को ध्यान में रखकर नहीं बल्कि अपनी स्किन टोन को ध्यान में रखकर चुनना चाहिए। ठीक वैसे ही, जैसे आप हेयर कलर और लिपस्टिक या अन्य मेकअप प्रॉडक्ट्स अपनी स्किन टोन को ध्यान में रखते हुए चुनती हैं। क्योंकि नेल पॉलिश लगाने का उद्देश्य हाथों की सुंदरता को बढ़ाना होता है, ड्रेस के साथ मैच करके मैचिंग सेंटर बनने का नहीं! इसलिए अबसे नेल पेंट स्किन टोन को ध्यान में रखकर चुनें। स्किन टोन कई तरह की होती है। जब आप किसी क्रीम का स्किन शेड देखती होंगी तो आपको पता चलता होगा कि स्किन कलर तो सिर्फ तीन तरह के होते हैं। लेकिन स्किन शेड कई तरह के होते हैं।

# लॉक डाउन में बंद हैं ब्यूटी पार्लर तो घर पर ऐसे बनाए आईब्रो



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

चेहरे की सुंदरता को परफेक्ट बनाने के लिए आईब्रोज एक बड़ा रोल निभाते हैं. आईब्रोज न सिर्फ आंखों को शेप देती हैं बल्कि चेहरे के लुक को कंप्लीट करती है.

इस समय लॉकडाउन में सभी ब्यूटी पार्लर्स बंद हैं और ऐसे में आपको आईब्रोज को सेट करने में परेशानी हो रही होगी. कई लोगों को घर में आईब्रो बनाने से डर लगता है. उन्हें लगता है कि घर में आईब्रे को सेट करने से उसकी शेप पर असर पड़ सकता है. आइए आपको बताते हैं कुछ आसान से ट्रिक्स के बारे में जिनकी मदद से आप घर पर ही अपनी आईब्रोज को सेट कर सकते हैं.

**आईब्रोज सेट करने से डरे नहीं**

आपको बता दें कि घर में आईब्रोज सेट करने से पहले घबराने की बिल्कुल जरूरत नहीं है. हालांकि थोड़ी सावधानी बरतनी पड़ती है क्योंकि ये चेहरे की बात है. अगर आप बहुत ज्यादा कॉन्सियस होकर ये काम करेंगे तो गलतियां ज्यादा होंगी.

**चेहरे को करें साफ**

आईब्रोज को सेट करने से पहले चेहरे को अच्छी तरह से धो लें. इसके बाद चेहरे पर क्रीम लगा लें ताकि आपको इस बात का सही अंदाजा लग सके कि आईब्रोज से कितने बाल निकालने हैं.

**आईब्रोज ट्रिमर या प्लकर का करें इस्तेमाल**

आईब्रोज को सेट करने के लिए आईब्रो ट्रिमर या प्लकर का इस्तेमाल करें. ट्रिमर से आईब्रो को ट्रिम करने पर त्वचा को किसी प्रकार का नुकसान पहुंचने का डर नहीं रहता और सेटिंग भी अच्छे से होती है.

**शेप को आउटलाइन करें**

जो लोग पहली बार घर पर आईब्रोज बना रहे हैं, उन्हें पहले एक रफ आउटलाउन बना लेनी चाहिए जिससे कि उनकी आईब्रोज की शेप बिगड़े नहीं. आउटलाइन बना लेने से आप सही डायरेक्शन में ट्रिमर को चला पाएंगे और आईब्रोज को सेट कर पाएंगे.

# क्या आपको पता है बर्तन धोना हेल्थ के लिए है फायदेमंद ?

कई लोगों को बर्तन धोना बिलकुल पसंद नहीं होता, वह बर्तन धोने के लिए घर पर मेड रखते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं अपने हाथों से बर्तन धोने से आपकी हेल्थ को कई तरह से फायदा पहुंच सकता है. बर्तनों को अपने हाथ से धोने से दिमाग के साथ–साथ बॉडी को भी हेल्दी रखने में मदद मिलती है. बर्तन धोने से स्ट्रेस भी काफी हद तर कम होता है. आपको बताते हैं कि ये कैसे आपके शरीर को फायदा पहुंचाता है.

**तनाव करता है कम**

एक स्टडी में पाया गया है कि हाथों से बर्तन धोने से दिमाग फ्रेश रहता है. आप उन कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं जो आप वर्तमान में कर रहे हैं. बर्तन धोने से तनाव कम होता है और इम्युनिटी सिस्टम भी स्ट्रॉन्ग होता है.

**एलर्जी से बचाता है**

कुछ लोगों को बर्तनों से एलर्जी भी होती है. लेकिन अगर आप खुद के बर्तनों को धोते हैं तो इससे कई प्रकार की एलर्जी से बचा जा सकता है. एक स्टडी की मानें तो बर्तन धोने से एग्जिमा और अस्थमा की समस्या नहीं होगी.

**रिलेशनशिप में सुधार**

कहते हैं कि बर्तन धोने से रिश्तों का एक अलग कनेक्शन होता है. मान्यता है कि जो महिलाएं अच्छे से धो पाती हैं उनकी शादीशुदा जिंदगी बहुत अच्छे से कटती है. बर्तन अगर साफ तरीके से धोएं जाएं तो घर में खुशियां आती हैं.

**सिखाता है जीवन कौशल**

लोग आज भले ही अपने कपड़े मशीन में धोते हों लेकिन बर्तनों को आज भी हाथों से ही धोया जाता है. कहते हैं कि अच्छी तरह के बर्तन धोने से मनुष्य के कई प्रकार के गुण सामने आते हैं. अच्छे से बर्तन धोना आपको हर प्रकार की स्थिति से निपटना सिखाता है.

## शब्द सामर्थ्य -084

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 83 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | टट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |